तापमान

अधिकतम 41.0 डिग्री

न्यूनतम 27.0 डिग्री

हरिभूमि

# रायगढ़-जशपुर भूमि

बिलासपुर, बुधवार, 1 मई 2024



4

छात्रों में तनाव प्रबंधन हेतु पालक शिक्षक सम्मेलन का हुआ वृहद आयोजन






## खबर संक्षेप

### ट्रक की टक्कर से पलटी हाइवा, चालक की मौत

**रायगढ़।** सारंगढ़ में एक हाइवा और डाला ट्रक में रात्रि 2-3 बजे भिडंत होने की घटना सामने आई जिसमें हाईवा पलट जाने से भीतर बैठे चालक की मौत हो गई। घटना सारंगढ़ के ग्राम बंजारी के पास की है। एक हाइवा वाहन का चक्का पंचर हो जाने से रोड किनारे गाड़ी लगाकर चालक सो रहा था। तभी रात्रि मे पीछे से आ रहा ट्रक ने रोड किनारे खड़े वाहन को टक्कर मार दिया, टक्कर इतना जबरदस्त थाए की रोड किनारे खड़ा वाहन नीचे खेत मे पलट गया और वाहन मे सोया हुआ चालक का दबने से मौत हो गया, वहीँ घटना की जानकारी मिलते ही हाईवे पेट्रोलिंग पुलिस घटना स्थल पर पहुंचकर घटना स्थल की जांच में जुट गई है।

### हीराकुंड एक्सप्रेस में दो अतिरिक्त कोच की सुविधा

**रायगढ़।** रेलवे प्रशासन द्वारा गर्मी के दिनों में ट्रेनों में होने वाली अतिरिक्त भीड़ के मद्देनजर यात्रियों की बेहतर यात्रा सुविधा व अधिकाधिक यात्रियों को कंफ़र्म बर्थ उपलब्ध कराने हेतु दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से गुजरने वाली गाड़ी संख्या 20807/20808 विशाखापट्टनम-अमृतसर-विशाखापट्टनम हीराकुंड एक्सप्रेस में एक अतिरिक्त एसी.3 कोच एवं एक अतिरिक्त स्लीपर कोच की सुविधा अस्थायी रूप से उपलब्ध कराई जा रही है द्य यह सुविधा गाड़ी संख्या 20807 विशाखापट्टनम-अमृतसर एक्सप्रेस में विशाखापट्टनम से 3 मई से 31 मई तक तथा गाड़ी संख्या 20808 अमृतसर-विशाखापट्टनम एक्सप्रेस में अमृतसर से 5 मई से 2 जून तक उपलब्ध रहेगी। इस सुविधा की उपलब्धता से इस गाड़ी में यात्रा करने वाले अधिकाधिक यात्री लाभान्वित होंगे।

### हाइड्रा की चपेट में आने से प्लांटकर्मी की मौत

**रायगढ।** चक्रधर नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम मनुआपाली निवासी 51 वर्षीय अधेड़ की मौत एमएसपी के गेट के समीप ही एक हाइड्रा की चपेट में आने से हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव का पंचनामा करते हुए पोस्टामार्टम के लिए शव को केजीएच भेज दिया। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार ग्राम मनुआपाली निवासी गजानंद प्रधान पिता हेमसागर प्रधान उम्र 51 वर्ष एमएसपी प्लांट में ही काम करता था। वह अपने साथी संयासी यादव के साथ मोटरसाइकिल से प्लांट जा रहा था। मोटरसाइकिल को संयासी यादव चला रहा था। वे जैसे की प्लांट के गेट के पास पहुंचे तो वहां एक हाइड्रा ने मोटरसाइकिल को ठोकर मार दिया। जिससे वे दोनो गिर गए, किंतु इस दुर्घटना में गजानंद प्रधान हाइड्रा की चपेट में आ गया और उसकी मौत हो गई।

### राधेश्याम के पक्ष में प्रचार कर रहा किसान मोर्चा

**रायगढ़।** रायगढ़ विधानसभा के पुसौर मंडल के ग्राम लारा, कोढपाली, त्रिभोना, छिछोरउमरिया, कोतासुरा तथा सिहा ग्राम में किसान मोर्चा के पदाधिकारियों ने घर घर जाकर अपने रायगढ़ लोकसभा के प्रत्याशी राधेश्याम राठिया के पक्ष में मतदान करने हेतु निवेदन किया। साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जनकल्याणकारी योजनाओं तथा छत्तीसगढ़ के विष्णु सरकार द्वारा मोदी की गारंटी के तहत दिए जा रहे कई जनहितकारी योजनाओं के बारे में चर्चा किया। इस दौरान महतारी वंदन से लाभान्वित महिलाओं के द्वारा खुशी जाहिर करते हुए मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने हेतु सांसद प्रत्याशी राधेश्याम राठिया के कमल निशान पर मोहर लगाकर प्रचंड मतों से विजयी बनाने का संकल्प लिया। पुसौर जनसंपर्क एवं नुक्कड़ सभा कार्यक्रम में प्रदेश कार्य समिति सदस्य एवं रायगढ़ विधानसभा प्रभारी घनश्याम पटेल, सह प्रभारी राजीव लोचन बेहरा, किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष गौरांग साव, पूर्व जिलाध्यक्ष मनोज प्रधानए जिला महामंत्री रघुनाथ कौंध, पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिला महामंत्री मनोरंजन साहू, आदि मौजूद रहे।

## 68 हाथियों की भी मौत, धरमजयगढ़ में सर्वाधिक टकराव

# मानव-हाथी द्वंद्व:21 वर्षों में हाथी के हमले से 150 से अधिक जनहानि

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



खास खबर

धरमजयगढ़ वनमंडल में मानव और हाथियों के बीच द्वंद्व की स्थिति लाखों कोशिशों के बाद भी कम नहीं हो पा रही है। बीते 21 वर्षों में हाथियों के हमले से 150 से अधिक ग्रामीणों की जान गई है। औसतन देखें तो हर वर्ष करीब 7 से 8 लोगों की मौत हाथी के हमले से हुई है। जानकारों की मानें तो जंगल में इसानों की दखल बढ़ने के साथ ही साल दर साल इंसान व हाथियों की बीच टकराव भी बढ़ रहा है।

इस संबंध में कुछ जानकारों की मानें तो धरमजयगढ़ में सर्वाधिक वन होने की वजह से हाथियों के लिए यह अनुकुल स्थान माना जाता है। यही वजह है कि गजराज यहां साल भर काफी संख्या में रहते हैं और सरगुजा व कोरबा आदि जिलों से आवाजाही करते रहते हैं।

वहीं जानकारों की मानें तो जंगल के भीतर वर्तमान परिस्थिति में कई बस्तियां बस गई हैं, पहले इन इलाकों में हाथियों की आवाजाही लगातार होती थी। किंतु अब यहां इंसानी दखल होने के कारण हाथियों की आवाजाही कम होती है और यदि होती भी है तो यहां मनुष्य व हाथियों की बीच टकराव देखने को मिलता है। जिसमें कभी हाथी तो कभी ग्रामीणों की जान जाती है। इसमें सबसे अहम बात यह है कि हाथी मानव द्वंद्व को कम करने के लिए शासन स्तर पर कई तरह के प्रयास किए जा रहे हैं। किंतु यह सभी प्रयास जमीनी स्तर पर पहुंच कर कामयाब नहीं हो पाती हैं। ऐसी स्थिति में यह ग्रामीणों सहित शासन के लिए भी एक चिंता का विषय बना हुआ है।

### इन वर्षों में अधिक मौतें

हाथियों के हमले से ग्रामीणों की मौत के आंकड़ों पर नजर डाले तो वर्ष 2002 में 12, वर्ष 2007 में 9, वर्ष 2011 में 8, वर्ष 2015 में 8, वर्ष 2016 में 8, वर्ष 2017 में 14, वर्ष 2018 में 16, वर्ष 2019 में 18, वर्ष 2020 में 10 तथा वर्ष 2021 में 11 ग्रामीणों की मौत हुई है।

### साढ़े 4 करोड़ से अधिक मुआवजा वितरित

आंकड़ों पर नजर डाले तो जहां वर्ष 2001 से 2021 तक हाथियों के हमले से ग्रामीणों की मौत के 150 से अधिक मामले दर्ज किए गए हैं। वहीं इन 21 वर्षों में करीब साढ़े 4 करोड़ से अधिक मुआवजा मृतकों के परिजनों को प्रदान किया जा चुका है।

### 18 साल में 62 हाथियों की भी हुई मौत

वर्ष 2005 से लेकर 2023 तक धरमजयगढ़ वन मंडल के अलग अलग परिक्षेत्रों मे 62 से अधिक हाथियों की मौत हो चुकी है। धरमजयगढ़ वन मंडल में बीते 18 वर्षों में 25 से अधिक गजराजों की मौत करंट की चपेट में आने से हुई है। करंट से हाथियों की मौत के मामले पिछले कुछ सालों से तेजी से बढ़े हैं। इसमें वर्ष 2019, 2020, 2021, 2022 व 2023 में ही करंट से हाथियों के मौत के मामलों में इजाफा देखा गया है। इन 18 वर्षों में 50 फीसदी से अधिक हाथियों की मौत की वजह यह विद्युत प्रवाहित तार रहे हैं।

## कोरबा से धरमजयगढ़ वन परिक्षेत्र में प्रवेश कर रहे अतिकाय, क्षेत्र में 150 हाथियों की मौजूदगी

जिले के सीमावर्ती इलाकों से धरमजयगढ़ वन मंडल क्षेत्र अंतर्गत हाथियों की आमदरफ्त का सिलसिला जारी है। एक बार फिर से कोरबा क्षेत्र से 7 हाथियों का एक दल बोरो रेंज अंतर्गत आया है। जिसके बाद अब डिविजन क्षेत्र में हाथियों की तादाद 149 हो गई है। सिर्फ छाल रेंज अंतर्गत 89 हाथियों की मौजूदगी दर्ज की गई है जिसमें से 80 हथियों का एक बड़ा समूह हाटी सर्किल क्षेत्र में मौजूद है। हाटी जंगल के कंपार्टमेंट 562 आरएफ में 65 और 555 आर एफ अंतर्गत 13 का दल विचरण कर रहा है। इसके अलावा कापू रेंज अंतर्गत कुल 43 हाथी मौजूद हैं जो 36 और 7 के दो ग्रुप में बंटे हुए हैं। विदित है कि हाथियों के लगातार मूवमेंट की आशंकाओं के बीच क्षेत्र में मौजूद बड़े समूहों की लगातार निगरानी रखी जा रही है। हालांकि वर्तमान समय में क्षेत्र में हाथियों की बढ़ रही संख्या के बावजूद फसल नुकसान के कम मामले सामने आ रहे हैं लेकिन प्राभावित इलाकों के ग्रामीणों में सुरक्षा को लेकर अत्यधिक सचेत रहने की चिंता बनी हुई है। वन मंडल क्षेत्र अंतर्गत करीब 150 की संख्या में हाथियों की उपस्थिति को लेकर वन विभाग द्वारा प्रभावित इलाकों के गांवों में अनवरत मॉनिटरिंग की जा रही है।

### देर शाम की गई महादल की मॉनिटरिंग


रविवार की शाम धरमजयगढ़ डीएफओ अभिषेक जोगावत के दिशा निर्देश पर हाथी मित्र दल ने छाल रेंज अंतर्गत मौजूद 80 हाथियों के बड़े समूह के लोकेशन का जायजा लिया। इस दौरान मौके पर विभागीय अधिकारी भी उपस्थित रहे। छाल रेंज के कुड़ेकेला की ओर से 13 हाथियों का मूवमेंट हाटी सर्किल में हुआ है जिसके बाद सिर्फ हाटी क्षेत्र में 80 हाथियों के बड़े समूह की धमक बनी हुई है। इस वजह से विभाग द्वारा प्रभावित इलाकों में सुरक्षा को लेकर अतिरिक्त कवायद तेज कर दी गई है।

### सुरक्षा के मद्देनजर मुख्य मार्ग किया गया बाधित

रविवार की शाम छाल रेंज अंतर्गत हाटी इलाके में विचरण कर रहे 80 हाथियों के महादल के रोड क्रॉस करने के दौरान हाटी के पास धरमजयगढ़ से खरसिया मेन रोड पर आवागमन कुछ समय तक अवरुद्ध किया गया। राहगीरों के सुरक्षा को लेकर वन विभाग द्वारा यह कवायद की गई। इस दौरान मौके पर पहुंची हाथी मित्र दल एवं विभागीय अधिकारियों ने मोर्चा संभाला और किसी भी तरह की अनहोनी को टालने के लिए मुस्तैदी से डटे रहे।

# राशन दुकानदार चूहों से परेशान, हर माह चट कर रहे अनाज

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



हर महीने स्टाक में कमी से जूझ रहे संचालक

जिले में करीब 600 से अधिक और शहर में लगभग 50 राशन दुकान संचालित हो रहे हैं। इन राशन दुकानों की अगर बात किया जाएए तो करीब हर संचालक यहां चूहो से परेशान है। कई टन चावल सभी राशन दुकान में हर माह आता है। ऐसे में एक भी चूहा यहां पहुंचता है तो उसे खाने के लिए पूरा का पूरा खजाना मिल जाता है।

ऐसे में धीरे धीरे चूहों की पूरी फौज राशन दुकानों तक पहुंच जाती है और उसके बाद सरकारी चावलों को बड़ी ही आसानी से डकार जाते हैं। माह भर में हितग्राहियों के वितरण के लिए आया कई किलो चावलों को चूहे चट कर जाते हैं। बाद में संचालकों को वह चावल शार्टेज भी मिलते हैं। अब यह किसी एक राशन दुकान की बात नहीं है। बल्कि लगभग हर राशन दुकानों का यही हाल है। ऐसे में लंबे समय से चूहे राशन दुकान संचालकों के लिए सिर दर्द बन रहे हैं। दुकान के भीतर जाने के लिए चूहे जगह जगह खोद कर गड्ढा भी कर देते हैं। ऐसे में बड़ी ही आसानी से हर दुकानों में चूहों के बिल नजर आते हैं, तो राशन दुकानों में अगर अन्य सामान रखा जाता है तो उसे भी वे अपने नुकीले दांतो से कुतर देते हैं। अब इस समस्या का सही समाधान भी संचालकों को नहीं मिल पा रहा है। बताया जा रहा है कि राशन दुकानों में चावल बारदानें में आता है। इसके बाद इन्हें लाट बनाकर रख दिया जाता है। जिसके बाद चूहे बोरों पर जमकर उछलकूद करते हुए बारदानों को भी कुतर जाते हैं। इससे बोरों का भी शार्टेज हो जाता है। राशन दुकान संचालको के लिए यह भी एक समस्या बनी हुई है।

**दवा भी नहीं डाल पाते**

चूहों के लिए दवा डालने से भी संचालक डराते हैं क्योंकि राशन दुकान में हितग्राहियों को देने वाला चावल होता है और उन चावलों में दवा छिड़क जाए तो उससे कोई समस्या न हो जाए इस बात का उन्हें ध्यान रखना होता है।

### कुतर रहे बारदाने

चूहों के कारण सभी राशन दुकानों में चावल के साथ बारदाने का भी नुकसान होता है। ग्रामीण क्षेत्रों में यह समस्या ज्यादा देखी जाती है। लगभग बीस प्रतिशत बरदानों का नुकसान होता है क्योंकि दो से तीन माह में इसका उठाव होता है और तब तक चूहे कई बारदानों को कुतर देते हैं। साथ ही चावल शार्टेज की भी समस्या बने रहती है।

**प्रशांत सिंह**
राशन विक्रेता संघ

### चावल का नुकसान

चूहों के कारण राशन दुकनों में समस्या बनी हुई है। हर दुकान में चावल व बारदाने का शार्टेज हो जाता है। जिसकी भरपाई दुकान संचालको को करनी पड़ती है। राशन दुकानों में चूहों के बिल आसानी से देखे जा सकते हैं। हर माह की समस्या है।

**दीपक मेहता**
संचालक, राशन दुकान

# महुआ के बंटवारे को लेकर डंडे से पीटकर की मां की हत्या, आरोपी युवक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

कापू थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम धौराडांड में एक कलयुगी बेटे ने अपनी मां को महुआ के बंटवारे के लिए उपजे विवाद के कारण डंडे से पीट पीट कर मौत के घाट उतार दिया। आरोपी के पिता के द्वारा ही थाने में सूचना देने पर पुलिस मौके पर पहुंची और वस्तु स्थिति का जायजा लेते हुए जांच में जुट गई। फिलहाल आरोपी कलयुगी पुत्र को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार ग्राम धौराडांड़ निवासी जनेव सिंह बैंगा उम्र 30 वर्ष ने अपनी मां ढरको बाई बैगा उम्र 55 वर्ष की हत्या 29 अप्रैल की शाम को कर दी। दरअसल आरोपी के पिता चमरू राम बैगा उम्र 60 वर्ष ने पुलिस को बताया कि बीते शाम को जनेव बैगा अपनी मां ढरको बाई से महुआ के बंटवारे को लेकर विवाद कर रहा था, देखते ही देखते उसने पास में रखे डंडे से अपनी मां पर ताबड़तोर वार कर दिया। ऐसे में ढरको बाई बुरी तरह से घायल हो गई और कुछ ही मिनटों बाद उसकी मौत हो गई। चमरू राम ने इस बात की सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची तो देखा कि सुखलाल बैगा के मकान में ढरको बाई बैगा का शव पड़ा था। चमरू राम ने पुलिस को बताया कि उसका पुत्र जनेव अपनी पत्नी के साथ अलग रहता है। बीते दिनों वे लोग खेत में महुआ बीनने के बाद आपस में महुआ का बटवारा नहीं किये थे। महुआ बटवारा को लेकर जनेव बैगा और उसकी मां ढरको बाई के बीच झगड़ा विवाद हुआ। रात को खाना खाकर सब अपने अपने कमरे में सोये थे। रात करीब 11 बजे जनेव सिंह बैगा आया और महुआ बंटवारे की बात को लेकर डंडे से ढरको बाई से मारपीट करने लगा। जब परिजनों ने बीच बचाव किया तो जनेव राम घर से भाग गया। मारपीट से ढरको बाई के सिर पर आयी गंभीर चोंट से कुछ देर बाद ही उसकी मौत हो गई। आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज करते हुए न्यायालय के निर्देश पर उसे जेल भेज दिया गया है।



■ कापू थाना क्षेत्र के धौराडांड का मामला, जांच में जुटी पुलिस

# राजपुर सोसाइटी के लिपिक के खिलाफ बारदाना गायब करने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

**बारदाना प्रभारी ने एसपी कलेक्टर से की शिकायत**

धान खरीदी खरीफ सीजन वर्ष 2023-2024 में लैलूंगा के राजपुर धान उपार्जन केन्द्र में 4500 क्विंटल से अधिक धान की बोगस खरीदी होने की बात सामने आ रही है। जिसे लेकर राजपुर धान खरीदी केंद्र के क्म्पयुटर ऑपरेटर सह प्रभारी प्रबंधक सलीम भगतए फड़ प्रभारी मुरलीधर नाग और बारदाना प्रभारी आकाश भगत ने रायगढ़ जिले के कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक को लिखित शिकायत देकर फर्जी धान खरीदी करने वाले लिपिक दर्शन साव को दोषी बताते हुए उसके ऊपर एफआईआर दर्ज करने की मांग किया गया है। जिसके बाद विभागीय अधिकारियों की जाँच टीम लगातार जाँच कर रही है। जिससे कई चौकाने वाले खुलासे होने लगे हैं। कई किसानों के द्वारा इस बात को स्वीकार किया गया है कि उनके खाते में दर्शन साव द्वारा अधिक धान खरीदी किया गया है। और उसके एवज में दर्शन साव के द्वारा रूपये को निकालवा कर ले मांगकर ले गया है। बात यहीं खत्म नहीं होती दर्शन साव जो राजपुर धान खरीदी केंद्र से धान खरीदी के लिए आए नए बारदाना में भी भारी भ्रष्टाचार किया है। जिसका खुलासा दर्शन साव के पड़ोसी के घर लोग करने लगे हैं। जहाँ भारी संख्या में नये बारदना को दर्शन ने राजपुर मण्डी से चोरी करके सेतराम राठिया के घर में छुपाकर रखा है। लगभग 11 12 हजार नए बार दाना गायब करके रखा हुआ है। जिसमें से लगभग 2 हजार से अधिक बारदाना दर्शन साव के पड़ोसी के घर में देखा गया है। जिसे रात के समय धान खरीदी केंद्र राजपुर से मारुती कार में भरकर लाया है। बाकी बारदाना भी उसी के घर और हितबद्ध लोगों के पास होने की बात कही जा रही है, जिसकी लिखित शिकायत फड़ प्रभारी मुरलीधर नाग द्वारा थाना लैलूंगा में की गई है।

### सारंगढ़ में डाक मतदान की शुरूआत

**सारंगढ़।** कलेक्टर कार्यालय सारंगढ़ में स्थित डाकमत सुविधा केंद्र में अनिवार्य सेवा अंतर्गत फोटोग्राफर आकाश परमेश्वर यादव ने डाक मत से वोट की शुरुआत की। अनिवार्य सेवा के कर्मियों के लिए कलेक्टर कार्यालय परिसर सारंगढ़ में डाक मत पत्र से मतदान करने की सुविधा 6 मई तक है। जिला प्रशासन द्वारा इस कड़ी में स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी विद्यालय सारंगढ़ में 28 अप्रैल को शासकीय अधिकारी, कर्मचारी के लिए डाक मत पत्र से वोट देने का सुविधा है। पुलिस गृह विभाग के अधिकारी कर्मचारी के लिए पुलिस अधीक्षक कार्यालय सारंगढ़ में 29 और 30 अप्रैल को यह सुविधा है। सभी स्थानों में यह सुविधा सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक है।

# रायगढ़ में लोकसभा चुनाव को लेकर पुलिस ने अर्द्धसैनिक बलों के साथ निकाला फ्लैग मार्च

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

लोकसभा चुनाव 2024 के तीसरे चरण में 7 मई को जिले में मतदान होना है। चुनाव कार्य के लिए जिले में अर्द्धसैनिक बलों की कंपनियों के आने का सिलसिला जारी है जिनके ठहरने हेतु अलग-अलग थाना क्षेत्र में व्यवस्था की गई है। कलेक्टर कार्तिकेया गोयल एवं पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल के दिशा निर्देशन पर आज जिले के सभी थानाक्षेत्र अंतर्गत राजपत्रित पुलिस अधिकारियों व थाना चौकी प्रभारियों ने अर्धसैनिक बल के जवानों ने साथ शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में पैदल फ्लैग मार्च निकाला गया। पुलिस अधिकारियों ने फ्लैग मार्च दौरान नागरिकों को भय मुक्त होकर मतदान दिवस 7 मई को अधिक से अधिक मतदान करने का संदेश दिया गया। जिला मुख्यालय में पुलिस अधीक्षक श्री दिव्यांग कुमार पटेल की अगुवाई में शहर के प्रमुख चौंक चौराहों पर सुरक्षा बलों ने फ्लैग मार्च किया। फ्लैग मार्च का मुख्य उद्देश्य जिले के नागरिकों को सुरक्षा का बोध कराना एवं असामाजिक तत्वों तक संदेश पहुंचाना है कि शांति व्यवस्था को प्रभावित करने की हिमाकत न करें। जिले में शांतिपूर्ण चुनाव सम्पन्न कराने जिला प्रशासन, पुलिस व पैरामिलिट्री फोर्स पूर्ण रूप से प्रतिबद्ध व तत्पर है।





## सीएम ने चपले की आमसभा में विपक्ष को जमकर धोया

# पीएम मोदी देश का सौभाग्य, कांग्रेस राष्ट्र का दुर्भाग्यः विष्णु देव

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

लोकसभा चुनाव प्रचार के दौरान विगत एक सप्ताह से अपने गृह लोकसभा में जनसम्पर्क में जुटे मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय मंगलवार को खरसिया के चपले में एक आमसभा के दौरान कांग्रेस पर जमकर हमला किया। सीएम ने चपले की जनता को अपना परिवार बताते हुए अपनत्व जाहिर किया और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को देश का सौभाग्य बताया वहीं कांग्रेस को राष्ट्र का दुर्भाग्य बताकर विपक्ष पर कटाक्ष भी किया।

30 अप्रैल को अपरान्ह 12 बजे चपले सभा स्थल पंहुचे विष्णुदेव साय ने अपने संबोधन में कहा किए बहुत दिनों के बाद अपने परिवार के बीच आया हूं। आपने मुझे चार चार बार सांसद बनाया। आप सबसे मिलकर बेहद अच्छा लग रहा है। लोकसभा का चुनाव काफी महत्वपूर्ण चुनाव है। ये चुनाव नरेंद्र मोदी को तीसरी बार पीएम बनाने के लिए है। सीएम ने कहा कि हमारा सौभाग्य है कि हमे नरेंद्र मोदी जैसे पीएम मिले हैं। पीएम मोदी ने पूरे देश को अपना परिवार मानते हैं सबकी चिंता करते हैं। आप ने उनके दस सालों के कार्यकाल को देखा है। ये पीएम हर वर्ग की चिंता करने वाले हैं। इन्होंने पूरे विश्व में देश का मान बढ़ाया हैए धारा 370 को इन्होंने हटाया है। सीएम साय ने आगे कहा किए अयोध्या में राममंदिर को नरेंद्र मोदी ने ही बनवाया है। आने वाले सात मई को आपको बीजेपी को जिताना है। रायगढ़ सीट लगातार बीजेपी जीत रही है। पिछले बार आपने 2 लाख 17 हजार से मुझे जिताया था। इस बार खरसिया से भी बढ़त दिलाना है। सीएम ने कहा कि जिस तरह विधानसभा चुनाव में आपने बीजेपी को जिताया लोक सभा में भी प्रदेश की 11 की 11 सीटें जिताना है।





### कांग्रेस ने छत्तीसगढ़ को बनाया भ्रष्टाचार का गढ़

कांग्रेस को पांच साल सरकार चलाने का मौका मिला लेकिन उन्होंने पांच साल में कुछ भी नहीं किया। प्रदेश को भ्रष्ट्राचार का गढ़ बना दिया। आज ऐसे नेता अधिकारी जेल की चक्की पीस रहे हैं। कांग्रेसी नेताओं की आज दुर्गति हो गई है। सीएम ने कहा कि प्रदेश के लिए ये दुर्भाग्य की बात है की जो प्रदेश का पांच साल सीएम था उस पर भी सट्टे में 500 करोड़ लेने का आरोप है और एफआईआर दर्ज है। ऐसे लोगों को प्रदेश में एक भी सीट नहीं लेने देना है। उन्होंने कहा कि अभी देश को बहुत आगे लेकर जाना है इसलिए नरेंद्र मोदी को तीसरी बार पीएम बनाना जरूरी है।

30 -APR- RAG-Bhoomi pg 2_Layout 1 4/30/2024 8:57 PM Page 1



## खबर संक्षेप

### स्वर्णाभूषण सहित हजारों का माल पार

**कोरबा।** कुसमुण्डा थाना क्षेत्र के क्वा.नं. बी-49 विकास नगर कुसमुण्डा निवासी दशरा एसईसीएल कुसमुण्डा में सफाई निरीक्षक के पद पर कार्य करता है। 29 अप्रैल की सुबह 7 बजे से वह अपनी डयूटी पर जी.एम. आफिस कुसमुण्डा गया था। दशरा के बच्चे 28 अप्रैल को अपने निजी कार्य से भिलाई गये थे। उन्हे वापस लाने के लिए करीब 12 बजे दशरा अपने कार्यालय से वापस घर गया घर के आंगन में मोटर सायकल को छोड़कर आटो में कोरबा रेल्वे स्टेशन गया। घर में ताला बंद था। कोरबा से करीबन 2:10 बजे अपने परिवार संहित वापस घर आया तब दशरा व उसके परिजन ताला खोलकर घर के अंदर गये तो देखे बेडरूम का आलमारी खुला हुआ था। कपड़ा, पर्स, वगैरह बिखरा हुआ है। किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा आलमारी में रखे सोने के जेवरात दो नग अंगूठी, एक नग चैन, एक जोड़ी लटकन एवं नगदी रकम 10 से 12 हजार रूपये को चोरों ने पार कर दिया है। प्रार्थी की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर मामले की जांव शुरु कर दी है।

### विश्व दिवस के अवसर कार्यक्रम का आयोजन

**कोरबा।** एसईसीएल क्षेत्रीय मुख्यालय कोरबा क्षेत्र में कार्यस्थल पर सुरक्षा व स्वास्थ्य के लिए विश्व दिवस के अवसर पर आरके गुप्ता महाप्रबंधक (संचालन), एसईसीएल कोरबा क्षेत्र द्वारा सुरक्षा ध्वज फहराया गया। इसके उपरांत कोल इंडिया के कारपोरेट गीत का समवेत स्वर में गायन किया गया। कोल इंडिया के चेयरमैन का संदेश को सुनाया गया। इस अवसर पर समस्त अधिकारीगण व कर्मचारी उपस्थित हुए। कार्यक्रम के प्रारंभ में सभी कर्मचारियों को सुरक्षा बैज लगाया गया। महाप्रबंधक ने कहा कि कोल इंडिया में कोयला उत्पादन का कार्य चुनौती पूर्ण है। जहाँ प्रति दिन शून्य दुर्घटना का लक्ष्य के साथ उत्पादन करते है। सुरक्षा के लिए हमेशा सतर्क रहना पड़ता है। आज का उद्देश्य कार्यस्थल पर सुरक्षा व स्वास्थ्य को बढ़ावा देना है। जिससे कि प्रत्येक कर्मचारी अपने सुरक्षा व स्वास्थ्य के प्रति सजग हो सके। मानिकपुर कोरबा क्षेत्र के कामगारों के द्वारा नुक्कड़ नाटक के द्वारा कामगारों को जागरूक किया गया। इस अवसर पर सभी खानों में सुरक्षा धवज फहराकर सुरक्षा व स्वास्थ्य के प्रति शपथ ली गई। क्षेत्रीय सुरक्षा अधिकारी इस्माईल कुरेशी द्वारा भी सभा को संबोधित किया गया तथा इसके महत्व पर प्रकाश डाला गया।

### सरस्वती स्कूल का परीक्षा परिणाम रहा उत्कृष्ट

**कोरबा।** सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोरबा में मुख्य अतिथि शंकरलाल टमकोरिया कोषाध्यक्ष सरस्वती शिक्षा समिति कोरबा के मुख्य आतिथ्य में एवं योगेश कुमार गोयल, प्रबंधकारिणी सदस्य, सरस्वती शिक्षा समिति, कोरबा की अध्यक्षता में स्थानीय परीक्षा के परीक्षाफल घोषणा एवं पुरस्कार वितरण का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। प्राचार्य विद्यानंद पाण्डेय ने अतिथिगणों का परिचय प्रस्तुत किया। मुख्य अतिथि सभी भैया/बहिनों को परीक्षाफल की बधाई दी और कहा कि परीक्षा बहुत कठिन चीज है जिसमें उत्तीर्ण होना उससे भी बड़ी चीज है। जिन भैया/बहिनों ने कठिन परिश्रम करके आज अच्छी सफलता प्राप्त की है इन्हें बधाई दी गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे श्री गोयल ने कहा कि पढ़ाई एक समान होती है तथा मेहनत भी सभी विद्यार्थी करते हैं लेकिन प्रथम कोई एक ही आता है इसका कारण है कि वह सबसे हटकर कुछ अलग ही करता है।

### मतदान सुविधा केंद्र का प्रेक्षक ने किया निरीक्षण

**कोरबा।** सामान्य प्रेक्षक प्रेम सिंह मीणा, कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अजीत वसंत ने सोमवार को लोकसभा सामान्य निर्वाचन के दौरान कोरबा संसदीय क्षेत्र अंतर्गत आने वाले सामान्य निर्वाचन कर्तव्य पर तैनात अधिकारी-कर्मचारियों के मतदान हेतु बनाए गए सुविधा केंद्र का निरीक्षण कर डाक मतपत्र द्वारा किए जा रहे मतदान प्रक्रिया का अवलोकन किया। प्रेक्षक श्री मीणा ने डाक मतपत्र द्वारा मतदान के संबंध में दूसरे जिलों में भी सूचना प्रेषित करने के निर्देश दिए।

वाहन छोड़कर चालक फरार

# पिकअप ने बाइक सवारों को मारी टक्कर, 3 घायल


घायलों का अस्पताल में चल रहा इलाज।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोतबा

क्षेत्र के ग्राम पंचायत फरसाटोली में डीजे लोड पिकअप क्रमाक सीजी 13 यूजी 3381 ने सामने से आ रहे बाइक सावर को जोरदार टक्कर मारी।

हादसे में एक 8 साल की मासूम सहित दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जिसमे एक 8 साल की मासूम बच्ची की पैर टूट गया साथ ही बाइक चालक प्रदीप कुमार व पीछे बैठे शकर मुंडा को भी गभीर चोट आई है। जिनका इलाज कोतबा प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में चल रहा है। बाइक चालक प्रदीप व उसके साथी जामटोली से खमगड़ा जा रहे थे उसी द्वरान सामने की ओर से तेज रफ्तार व ओवर लोड पिकअप आ रही थी। कोतबा एसआई समरेंद्र सिंह मामले में वाहन एफआईआर दर्ज कर लिया गया है घायलो को स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती करा दिया गया है फरार पिकअप चालक की पता तालाश की जा रही है।

## नहीं रुक रही सड़क दुर्घटना

**जशपुरनगर।** पांच दिन पहले 26 अप्रैल शुक्रवार को हरिभूमि ने लगातार हो रही सड़क दुर्घटना, जिम्मेदार कौन शीर्षक पर प्रमुखता से खबर छापी थी। मंगलवार को सुबह के समय फिर सड़क दुर्घटना में दो बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गए है। घटना में दो बाइक सवार युवक नदीम और रबूल जो की गम्हरिया स्थित राजा गैरेज में मैकेनिक का काम करते थे तेज रफ्तार से गम्हारिया की ओर जा रहे थे। कल्याण आश्रम हॉस्पिटल के पास सड़क पर लगे बेरीकेट से टकराकर गंभीर रूप से घायल हो गए। बाइक की रफ्तार इतनी ज्यादा थी ओर टक्कर इतनी जबरजस्त थीं की बाइक सवार दोनो युवक उछल कर बहुत दूर जाकर गिरे जिससे उनके सिर और शरीर के बाकी हिस्सों में गंभीर चोटें आई है। दोनों को जिला अस्पताल में प्राथमिक चिकित्सा के बाद रांची रेफर किया गया है। डाक्टरों का कहना है की दोनो युवकों को गंभीर चोटें आई है। एक युवक की स्थिति नाजुक है।

■ फिर दो युवक हुए गंभीर रूप से घायल




सभा स्थल का जायजा लेती विधायक रायमुनी भगत।

# पंडरा पाठ में चुनावी सभा को संबोधित करेंगे मुख्यमंत्री आज

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

लोकसभा चुनाव के मद्देनजर बुधवार को मुख्यमंत्री की जनसभा पंडरापाठ में होगी। कार्यक्रम को लेकर भाजपा के तरफ से सभी व्यापक तैयारियां पूर्ण कर ली गई है।

मिली जानकारी के अनुसार मुख्यमंत्री बनने के बाद विष्णुदेव बुधवार को पहली बार पंडरापाठ पहुंच रहे हैं। मुख्यमंत्री यहां भाजपा द्वारा आयोजित विशाल जनसभा को संबोधित करेंगे। यहां मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय हेलीकॉप्टर से बुधवार की दोपहर 12.30 बजे पहुंचेंगे और कार से देव संस्कृति ग्राउंड पहुंच आयोजित कार्यक्रम में शिरकत करेंगे। यह जनसभा दोपहर 1.30 बजे तक चलेगा, जिसके उपरांत मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय 1.30 से 1.50 तक कार्यकर्ताओं से मुलाकात करेंगे और हेलीकॉप्टर के माध्यम से 1.50 बजे सीतापुर के लिए रवाना होंगे। कार्यक्रम की तैयारी को लेकर जशपुर विधायक श्रीमती रायमुनी भगत के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ता कार्यक्रम स्थल पर पहुंच तैयारी का जायजा लिये। यहां सुरक्षा के व्यापक इंतजाम सहित गर्मी को देखते हुवे सभी व्यापक तैयारी पूर्ण कराई जा रही है। आम जनों के लिए पानी की समुचित व्यवस्था सहित अन्य सभी व्यापक इंतजाम यहां किए जा रहे हैं। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष सुनील गुप्ता, महामंत्री भरत सिंह और मुकेश शर्मा, ओमप्रकाश सिन्हा, कृपाशंकर भगत, राहुल गुप्ता, दीपू मिश्रा सहित अन्य कार्यकर्ता और पदाधिकारी मौजूद रहे।

■ भाजपा की ओर से की जा रही व्यापक तैयारी

# मंत्रणा सभा कक्ष में कमांड सेंटर किया जाएगा स्थापित

**जशपुरनगर।** आगामी लोकसभा निर्वाचन 2024 मतदान दिवस के दिन मॉनिटरिंग करने के लिए कलेक्ट्रेट स्थित मंत्रणा सभा कक्ष में कमांड सेंटर के रूप में स्थापित किया जा रहा है। मतदान दिवस के दिन कमांड सेंटर से प्रत्येक गतिविधियों पर निगरानी एवं नजर रखी जाएगी। इस तैयारी हेतु जिला पंचायत सीईओ अभिषेक कुमार की उपस्थिति में ई जिला प्रबंधक श्री निलंकार बासु ने ड्यूटी में लगे सभी अधिकारी कर्मचारियों को कमांड सेंटर में संचालित करने के लिए विभिन्न विषय वस्तुओं पर प्रशिक्षण दिया। मतदान दिवस के दिन प्रत्येक 2 घंटे की रिपोर्टिंग, मतदान केंद्रों में किए जाने वाले वेब कास्टिंग, मीडिया मॉनिटरिंग, ईवीएम की तकनीकी समस्या की निगरानी करने संबंधी जानकारी दी गई। जिला पंचायत सीईओ अभिषेक कुमार ने सभी अधिकारी कर्मचारियों को कमांड सेंटर में सॉफ्टवेयर के कार्यों को समझ कर बेहतर कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने रिपोर्टिंग प्रारूप, शैडो एरिया से जानकारी लेना, वेब कास्टिंग वाले मतदान केंद्र में आवश्यक व्यवस्था हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

■ मतदान के दिन कमांड सेंटर से प्रत्येक गतिविधियों पर रखी जाएगी नजर


बैठक में जानकारी देते अधिकारी।


# नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में फरार आरोपी 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

जशपुर जिले के थाने में एक ग्राम की 34 प्रार्थिया ने 28 अप्रैल को रिपोर्ट दर्ज कराई कि 17 अप्रैल के दोपहर में यह अपनी 14 वर्षीय पुत्री को अपने खेत-बाड़ी में लगे फसल को देख-रेख करने हेतु भेजी थी, जो शाम-रात तक वापस नहीं आई। उसकी पुत्री 19 अप्रैल को प्रातः में वापस घर आई और गुमशुम रहने एवं स्वास्थ्य खराब रहने पर प्रार्थिया द्वारा पूछताछ करने पर बताई कि 17 अप्रैल को उक्त खेत बाड़ी के पास 03 व्यक्ति एक मोटर सायकल में आए और बहला-फुसलाकर जबरदस्ती साथ में बैठाकर दूसरे गांव में ले जाकर रात्रि में एक घर-कमरा में रखे। उन व्यक्तियों में से एक व्यक्ति ने जबरदस्ती दुष्कर्म किया। शेष 2 व्यक्ति कमरा के बाहर पहरा दे रहे थे। 18 अप्रैल को भी दुष्कर्म करने वाला व्यक्ति नाबालिग बालिका को अपने साथ में रखा था। रात्रि करीबन 12 से 1 बजे के बीच वह व्यक्ति अपने साथी के साथ मोटर सायकल से पीड़िता को उसके घर के बाहर पहुंचा कर वहां से चल दिया। प्रार्थिया की रिपोर्ट पर अभियुक्तगणों के विरूद्ध धारा 363, 366(क), 376(डी), 342, 368 एवं 5, 6 पाक्सो एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण की संवेदनशीलता को देखते हुये पुलिस अधीक्षक जशपुर द्वारा टीम गठित कर आरोपियों की पतासाजी एवं गिरफ्तारी के निर्देश दिये गये थे, टीम में महिला अधिकारियों को भी सम्मिलित किया गया था। टीम द्वारा अलग-अलग ठिकानों पर दबिष देकर सभी अभियुक्तों को अभिरक्षा में लेकर पूछताछ किया गया जो उक्त अपराध को घटित करना स्वीकार किये एवं मेमोरंडम कथन में घटना में प्रयुक्त मोटर सायकल को जप्त किया गया है। आरोपीगण 1-सोहित राम उम्र 24 साल एवं 2-हेमंत राम उम्र 18 साल 04 माह को 29 अप्रैल को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है, घटना में सम्मिलित शेष 02 अपचारी बालक उम्र क्रमशः 16 वर्ष 02 माह एवं 16 वर्ष से घटना के संबंध में पूछताछ उपरांत बाल संप्रेषण गृह भेजा गया।

## बाहर गए मजदूरों को पोस्टकार्ड के माध्यम से मतदान के लिए भेजा गया आमंत्रण





**जशपुरनगर।** जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ.रवि मित्तल के द्वारा आगामी लोकसभा चुनाव में शत प्रतिशत मतदान के लिए स्वीप कार्यक्रम चलाया जा रहा है। स्वीप के नोडल अधिकारी और जिला पंचायत सीईओ अभिषेक कुमार ने जिले के ग्राम पंचायतों से बाहर गए व्यक्तियों को विभिन्न माध्यमों से लोकसभा चुनाव के लिए 7 मई को मतदान केंद्र आकर अपने मताधिकार का प्रयोग करने की अपील की है। अबकी बार जनपद पंचायत कुनकुरी के ग्राम पंचायतों से बाहर गए 987 मजदूरों को पोस्टकार्ड के माध्यम से मतदान करने के लिए आमंत्रण भेजा गया है। जनपद पंचायत कुनकुरी के सीईओ केके श्रीवास के द्वारा दिल्ली में रह रहे 103 मजदूरों, हैदराबाद के 72, केरल के 98, पंजाब के 97, मुंबई के 93, गुजरात के 88, झारसुगुड़ा के 38, बेंगलुरु के 71, अंडमान के 95, गोवा के 49 और चेन्नई में रह रहे 103 मजदूरों को पोस्टकार्ड भिजवाया गया है। आमंत्रण पत्र में 'भेज रहे हैं आज पत्र, मतदाता तुम्हें बुलाने को , 7 मई को भूल न जाना, वोट डालने आने को।' और 'आईए मतदान करें, देश के जिम्मेदार नागरिक होने का कर्तव्य निभाएं। ' जैसे स्लोगन का उल्लेख किया गया है।

■ जिले से 987 मजदूर पंजाब केरल, उडीसा सहित कई राज्यों में गए हैं कमाने

# प्राथमिक शाला छिंदबहरी में 10 दिवसीय समरकैंप का आयोजन

**पत्थलगांव।** प्राथमिक शाला छिंदबहरी में ग्रीष्मकालीन अवकाश घोषित होते ही बच्चों की उत्सुकता को देखते हुए 10 दिवसीय समरकैंप का आयोजन किया जा रहा है। समर कैंप में बच्चों को विभिन्न प्रकार की शैक्षणिक और ज्ञानवर्धक गतिविधियां, खेल, नृत्य, गीत संगीत, आर्ट कुकिंग जैसी गतिविधियां सिखाए जा रहे हैं। शाला समिति व माताओं द्वारा बीच-बीच में सहयोग प्रदान किया जा रहा है। घर पर यह सब सिखने के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही बताया गया,कि जरूरत पड़ने पर घर में बड़ी बहन,माता-पिता व दोस्तों से फोन के माध्यम से सहायता लेकर भी सिखा जा सकता है। कार्यक्रम का आयोजन FlN और नवाजतन के उद्देश्य को ध्यान में रखकर भी किया गया है। नवाजतन के तहत बच्चों को स्वयं से सीखने के लिए प्रेरित भी किया है स्वयं से भी आप सीख सकते हो यह आत्मविश्वास उनमें लाने की कोशिश की गई। मिट्टी के खिलौने बच्चों ने स्वयं से बनाए, कागज के खिलौने, चाय, पकौड़े, रंगोली गुड़िया, गत्ते और बांस का घर ये सब बच्चों ने स्वयं से बनाया इन्हीं का उदाहरण देकर बताया गया कि जब ये सब आप अपने से कर सकते हैं तो पढ़ाई भी कर सकते हैं। सभी बच्चों को अगले कक्षा की पाठ्य-पुस्तक भी बच्चों से उनकी पुरानी पुस्तकें लेकर उपलब्ध कराई गई। जिससे बच्चे ग्रीष्मकालीन अवकाश में खेल के साथ साथ शिक्षा से भी जुड़े रहें। जितने पालकों के पास एंड्रॉयड फोन है। उनको व्हाट्सएप ग्रुप में शामिल किया गया है और यह बताया गया है कोई भी समस्या आने पर ग्रुप के माध्यम से हल किया जा सकता है। पालकों ने कृषि के औजार भी खिलौने के रूप में बनाकर बच्चों को भेट किए और उसके उपयोग के बारे में भी जानकारी दी गई। समर कैंप के समापन के दौरान पालकों और माताओं की उपस्थिति भी सराहनीय रही। सभी ने कार्यक्रम भी प्रशंसा करते हुए कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम होते रहने चाहिये। समापन के दौरान जादुई पिटारा का भी प्रदर्शन किया गया उसमें रखी सामग्री पर भी चर्चा हुई और इ- जादुई पिटारा के बारे में भी जानकारी दी गई इसे डाउनलोड कर कैसे सीख सकते हैं बच्चे इस बारे में भी बताया गया और सभी से एप्प डाउनलोड करने का आग्रह किया गया। समापन के दौरान ही बच्चों को प्रगति पत्रक भी दिया गया, बच्चे बहुत उत्साहित थे, कार्यक्रम में बच्चे, पालक, शिक्षक माताओं और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं सभी का विषेश योगदान रहा। अंत में सभी की उपस्थिति और सहयोग के लिए आभार धन्यवाद प्रकट किया गया।


समरकैंप में शामिल बच्चे।

# मतदान दल के अधिकारी-कर्मचारियों को द्वितीय चरण का दिया गया प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

लोकसभा निर्वाचन 2024 हेतु मतदान दलों को द्वितीय प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसी कड़ी में आज जशपुर विधानसभा क्षेत्र हेतु नियुक्त मतदान दल के 545 अधिकारी-कर्मचारियों को महारानी लक्ष्मी बाई कन्या विद्यालय जशपुर में प्रशिक्षण दिया गया। जिसमें पीठासीन अधिकारी एवं मतदान अधिकारी क्रमांक 01 से 03 तक शामिल थे। प्रशिक्षण हेतु उपस्थित सभी कर्मी पत्थलगांव एवं कुनकुरी विधानसभा क्षेत्र से हैं। प्रशिक्षण के दौरान सहायक रिटर्निंग ऑफिसर एवं जशपुर एसडीएम श्री प्रशांत कुशवाहा ने मतदान दल के सभी अधिकारी-कर्मचारियों को आवश्यक दिशा- निर्देश दिए। उन्होंने निर्वाचन संबंधी जानकारी देते हुए बताया कि प्रातः काल से मतदान शुरू करवाना है। मतदान के दौरान गर्मी से बचने के उपाय की जानकारी दी। उन्होंने मतदान प्रपत्रों को सही तरीके से भरने, ईडीसी मतदाताओं से मतदान कराने और उनका डाटा तैयार करने के निर्देश दिए। साथ ही महिला, दिव्यांग एवं बुजुर्गों को मतदान में प्राथमिकता देने की बात कही। उन्होंने चुनावी प्रक्रिया के दौरान किसी भी व्यसन का प्रयोग प्रतिबंधित करने के संबंध में जानकारी दी और मतदान केंद्र में मोबाइल का उपयोग प्रतिबंधित रखने के निर्देश दिए साथ ही मतदान दल में बेहतर समन्वय रखने की बात कही।


प्रशिक्षण प्राप्त करते अधिकारी- कर्मचारी।

## पुलिसिंग में कसावट लाने एसपी ने दिए जिले के सभी थानों को निर्देश

# पुलिस की कांबिंग गश्त, चलाया गया विशेष अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

29-30 अप्रैल की रात्रि एसपी शशि मोहन सिंह के दिशा-निर्देश पर जिले के समस्त थाना व चौकी अपने-अपने क्षेत्र में रात्रि 10 बजे से प्रातः 05 बजे तक कांबिंग गश्त चलाया गया। गश्त में संबंधित अनुविभाग के पुलिस अनुविभागीय अधिकारी भी शामिल रहे। गश्त में रवाना करने के पूर्व सभी को बारिकी से ब्रीफ किया गया। इस दौरान जिले में 500 से अधिक अधिकारी व कर्मचारियों द्वारा एक साथ अभियान चलाया गया। चेकप्वाइंट तथा गश्त दौरान पुलिस की विभिन्न टीमों द्वारा प्रत्येक वाहनों की बारीकी से जांच कर आवागमन के कारण के साथ उनके आने-जाने का कारण एवं पहचान पत्र की तस्दीक गया, इस दौरान कुछ संदिग्ध व्यक्तियों के जवाब संतोषप्रद नहीं पाए जाने पर वैधानिक कार्यवाही किया गया है। जशपुर अनुविभाग के थाना सिटी कोतवाली जशपुर द्वारा 107, 116(3) के तहत-38, चौकी मनोरा द्वारा 04, चौकी आरा-01, थाना आस्ता-15, थाना दुलदुला-10 कुल-68 प्रकरणों में कार्यवाही की गई है। थाना सिटी कोतवाली जशपुर द्वारा धारा 151 में 02, धारा 109 सीआरपीसी के तहत 24 प्रकरणों में कार्यवाही की गई है। थाना आस्ता द्वारा आबकारी एक्ट के तहत कुल 03 प्रकरणों में कार्यवाही की गई है। थाना सिटी कोतवाली जशपुर द्वारा अवैध रूप से तलवार लेकर डराने-धमकाने के मामले में आर्म्स एक्ट के तहत 04 प्रकरणों में आरोपी 1-कुणाल गुप्ता उम्र 32 साल निवासी सरनाटोली जशपुर, 2-निजाम खान उम्र 30 साल निवासी चीरबगीचा, 3-विनीत एक्का उम्र 27 साल निवासी करमटोली गिरांग, 4-अनुज प्रधान उम्र 34 साल निवासी खरसोता के विरूद्ध कार्यवाही करते हुये न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है। थाना लोदाम द्वारा नशीली दवा का झारखंड तरफ से तस्करी करते आ रहा आरोपी नौशाद खान उम्र 26 साल निवासी साईंटांगरटोली के कब्जे से 50 नग कोरेक्स सिरप एवं 400 नग कैप्सूल कीमती 11 हजार रूपए एवं मोटर सायकल जप्त कर उसे एनडीपीएस एक्ट के तहत न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है। कुनकुरी अनुविभाग के थाना कुनकुरी द्वारा 01 स्थाई वारंट, 107, 116(3) के तहत-51, थाना तपकरा द्वारा 08, धारा 109 सीआरपीसी के तहत थाना कुनकुरी 35 प्रकरण, थाना तपकरा द्वारा 02, धारा 110 सीआरपीसी के तहत थाना कुनकुरी 01 प्रकरण, थाना तपकरा द्वारा 01, धारा 151 के तहत कुनकुरी द्वारा 03, आबकारी एक्ट के 02, एवं एमव्ही एक्ट के 25 प्रकरणों में कार्यवाही की गई है। थाना कुनकुरी द्वारा आर्म्स एक्ट के तहत 02 प्रकरण 1-नेल्सन कुजूर उम्र 31 साल निवासी गिनाबहार, 2-अमित किण्डो उम्र 44 साल निवासी हर्राडांड़ के तहत कार्यवाही करते हुये न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है। बगीचा अनुविभाग के थाना बगीचा द्वारा 107, 116(3) के तहत-15, धारा 109 सीआरपीसी के तहत-05, धारा 151 जाफौ के तहत 01, आबकारी एक्ट के 02 प्रकरणों में कार्यवाही की गई है। साथ ही क्षेत्र के निगरानी, गुण्डा बदमाशो की चेकिंग कर उन्हें थाना हाजिर के निर्देश दिये गये हैं। पत्थलगांव अनुविभाग के थाना पत्थलगांव द्वारा 107, 116(3) के तहत-12, थाना बागबहार द्वारा-05, थाना तुमला द्वारा 01, धारा 109 सीआरपीसी के तहत थाना पत्थलगांव बागबहार द्वारा 02-02 प्रकरण, धारा 110 सीआरपीसी के तहत चैकी कोतबा 01 प्रकरणों में कार्यवाही की गई है। आबकारी एक्ट के तहत थाना बागबहार द्वारा 01 प्रकरण में कार्यवाही की गई है। साथ ही क्षेत्र के निगरानी, गुण्डा बदमाश की चेकिंग कर उन्हें थाना हाजिर के निर्देष दिये गये हैं।

■ प्रत्येक वाहनों की बारिकी से की गई जांच


वाहन चेकिंग करती पुलिस।



# झूठे आरोप लगाकर छवि धूमिल करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा

**मुंबई।** भोजपुरी फिल्मों के स्टार रवि किशन को अपना पिता बताने वाली महिला ने डीएनए टेस्ट की मांग की थी, लेकिन कोर्ट ने इसे खारिज कर दिया है और मामले में कुछ भी ऐसा नहीं पाया जिससे टेस्ट की जरूरत पड़े। अब इस पर रवि किशन की ओर से बयान आया है कि इन लोगों को बख्शा नहीं जाएगा। इस केस में जिन-जिन लोगों ने छवि धूमिल करने का प्रयास किया है उन सबको जेल जाना होगा। इसमें जो भी बड़े-बड़े नाम शामिल हैं उनमें से किसी को भी माफ नहीं किया जाएगा और वो आरोप लगाने वाली महिला भी जल्द ही जेल जाएगी। गोरखपुर से वर्तमान सांसद रवि किशन को अपना पिता बताकर उनके डीएनए टेस्ट की अर्जी लगाने वाली महिला शिनोवा शुक्ला को अदालत से फटकार मिली है।

## लाइफ Style

# जैस्मीन

## इस साल शादी करेंगी अली गोनी से

एजेंसी ▶▶ मुंबई

अली गोनी और जैस्मीन भसीन अपने 'बिग बॉस' के दिनों से ही हमारा दिल जीत रहे हैं। हमने घर में रहने के दौरान दोनों के बीच का प्यारा रिश्ता देखा, जिससे पता चला कि कैसे उनकी दोस्ती प्यार में बदल गई।

आख़िरकार, जैस्मीन और अली ने नेशनल टेलीविजन पर एक-दूसरे के लिए अपने प्यार का इज़हार किया और जल्द ही लिव-इन रिलेशनशिप में रहने लगे। जब वे दोनों अपने डेटिंग फेज का भरपूर आनंद ले रहे हैं, उनसे अक्सर उनकी शादी की प्लानिंग के बारे में पूछा जाता है। इस बार अली ने इस पर रिएक्ट किया है। जैस्मीन भसीन और उनके बॉयफ्रेंड अली गोनी पिछले कुछ सालों से एक-दूसरे को डेट कर रहे हैं। बता दें, जैस्मीन और अली पहली बार मुंबई एयरपोर्ट पर मिले थे, जब वे 'खतरों के खिलाड़ी' की टीम के साथ अर्जेंटीना के लिए रवाना हो रहे थे। हालांकि, बिग बॉस 14 के घर के अंदर उनके रहने के बाद से उन्हें एक-दूसरे से प्यार हुआ और वे तब से एक साथ हैं। वे कई म्यूजिक वीडियो में एक साथ दिखाई दिए हैं और उनकी ऑन-स्क्रीन केमिस्ट्री को उनके फैंस काफी पसंद करते हैं। जहां हर कोई जैस्मीन भसीन और अली गोनी की शादी के बारे में जानने के लिए एक्साइटेड है, वहीं अली गोनी ने हाल ही में अपनी शादी के बारे में एक बड़ा संकेत दिया है। 'इंस्टेंट बॉलीवुड' के साथ अपनी बातचीत के दौरान, अली ने खुलासा किया कि उनकी मां उन्हें और जैस्मीन को शादी करने के लिए कह रही हैं।



## हॉलीवुड मसाला



# जेनिफर ने दिखाया एक्शन का दम

मुंबई। जेनिफर लोपेज स्टारर एटलस का टीजर पिछले महीने रिलीज किया गया था, जो ऑडियंस को खूब पसंद आया था। अब फिल्म का ट्रेलर भी जारी हो गया है। जेनिफर लोपेज को आपने कई किरदार में देखा होगा, लेकिन साइंस फिक्शन एक्शन थ्रिलर में एक्ट्रेस पहली बार नजर आएंगी। ट्रेलर में जेनिफर लोपेज छा गई हैं। जेनिफर लोपेज हॉलीवुड की बेहतरीन अदाकारा हैं। साल 1993 में डेब्यू करने वाली जेनिफर ने तीन दशक के करियर में कई हिट फिल्मों में काम किया है।




# कैसेंड्रा नोवा है डेडपूल एंड वुल्वरीन की पॉवरफुल बॉल्ड विलेन..

**मुंबई।** डेडपूल एंड वुल्वरीन का मारवल के फैंस को बेसब्री से इंतजार है। इस फिल्म के साथ लोगन का सात साल का वनवास खत्म होगा। 2017 में आई लोगन में वुल्वरीन की मौत दिखाई गई थी। हालांकि ट्रेलर आने के बाद सबसे ज्यादा चर्चा इस सुपरहीरो फिल्म की विलेन को लेकर है जो डेडपूर और वुल्वरीन दोनों के छक्के छुड़ाते नजर आ रही है। वुल्वरीन के फैंस खास तौर पर जश्न मना रहे हैं, क्योंकि इस 2017 में आई 'लोगन' में वुल्वरीन की मौत दिखाई जा चुकी है। अब सात साल बाद मारवल का यह दिलचस्प किरदार बड़े पर्दे पर वापसी कर रहा है। ट्रेलर में डेडपूल यानी वेड विल्सन और वुल्वरीन यानी लोगन के बीच की नोकझोंक फैंस को खूब पसंद आ रही है, मगर ट्रेलर के अंत में एक अन्य किरदार पर निगाहें थम जाती हैं। इसे बेहद ताकतवर बाल्ड कैरेक्टर को देखकर जहन में सवाल उठना लाजिमी है।



# आयशा की सादगी देख यकीन नहीं होता

**नई दिल्ली।** रजा मुराद का सख्त सा चेहरा, कठोर सी आंखें और उनकी भारी भरकम आवाज ही फिल्मी दर्शकों को दहलाने के लिए काफी होती थी। उनकी ये आवाज ही उनकी पहचान बन गई। रजा मुराद मशहूर एक्टर मुराद के बेटे हैं। मुराद ने भी दशकों तक फिल्म इंडस्ट्री में काम किया। इस दौरान वो दिलीप कुमार, पृथ्वीराज कपूर जैसे कई उम्दा सितारों के साथ नजर आए। लेकिन परिवार की ये फिल्मी विरासत बेटी को नहीं मिली। रजा मुराद की बेटी उनके साथ इंस्टाग्राम पर तो दिखाई देती हैं, लेकिन फिल्मी पर्दे पर दिखाई नहीं दी। रजा मुराद की बेटी का नाम है आयशा मुराद। आयशा मुराद को आप रजा मुराद के इंस्टाग्राम पर कई तस्वीरों में देख सकते हैं। रजा मुराद अक्सर अपने परिवार के साथ तस्वीरें पोस्ट करते है जिसमें वो अपनी पत्नी, बेटी और बेटे के साथ दिखाई देते हैं।



# राकेश जिम में करते हैं जी तोड़ मेहनत

**नई दिल्ली।** सिल्वर स्क्रीन पर आप एक्टर्स और एक्ट्रेसेज की फिटनेस के बड़े फैन होते हैं लेकिन क्या आप जानते हैं कि अपना लुक मेंटेन करने के लिए इन्हें कितनी मेहनत करनी पड़ती है। ये मेहनत केवल यंगस्टर्स ही नहीं करते बल्कि सीनियर एक्टर्स भी खुद को फिट रखने के लिए और पब्लिक लाइफ में रहने के लिए खासी मेहनत करते हैं। फिलहाल राकेश रोशन का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इस वीडियो में राकेश जिम में जी तोड़ मेहनत करते नजर आ रहे हैं। 74 साल के राकेश का जिम शेड्यूल देखकर उनके बेटे ऋतिक रोशन भी हैरान रह गए। ऋतिक रोशन भी रह गए हैरानऋतिक ने पापा की तारीफ करते हुए उनकी रील शेयर की और लिखा, मतलब कैसे !!! हाउ? अनबिलीवेबल पापा।

## टीवी मसाला

# कपिल शर्मा के शो में देओल ब्रदर्स ने की जमकर मस्ती

**नई दिल्ली।** कपिल शर्मा एक बार फिर अपनी टीम के साथ वापसी कर चुके हैं। कपिल शर्मा टीवी के बाद अब ओटीटी पर कदम रख चुके हैं। नेटफ्लिक्स के द ग्रेट इंडियन कपिल शो में हर हफ्ते लोगों को हंसाने के लिए नेटफ्लिक्स पर आ जाते हैं। अब आने वाले एपिसोड में देओल ब्रदर्स यानी सनी देओल और बॉबी देओल आने वाले हैं। शो का प्रोमो आ गया है जिसमें कपिल शर्मा सनी देओल और बॉबी देओल के साथ मस्ती करते हुए नजर आ रहे हैं। दोनों ही एक्टर्स को उनकी फिल्म गदर 2 और एनिमल की सक्सेस के लिए सभी ने बधाई भी दी और देओल ब्रदर्स ने कई राज भी खोले हैं।



### कपिल ने लिए काशीपुर वाले निराला बाबा के मजे

द ग्रेट इंडियन कपिल शो का ये नया प्रोमो वीडियो लोगों को काफी पसंद आ रहा है। इस वीडियो में कपिल शर्मा बॉबी देओल के साथ मस्ती करते नजर आ रहे हैं।वीडियो में देखा जा सकता है कि आश्रम के काशीपुर वाले बाबा को लेकर बॉबी देओल के साथ कपिल शर्मा ने जमकर मस्ती की। कपिल कहते हैं- 'हम समझ गए जीवन का असली सुख आश्रम में ही है'। जिसके जवाब में बॉबी कहते हैं- 'लड्डू खाने हैं तो आ जाओ मेरे पास'। इसके जवाब में कपिल कहते हैं- पाजी लड्डू खाने में किसी को कोई प्रॉब्लम नहीं है लेकिन लड्डू खाने के बाद आप जो हरकतें करते हो ना... कपिल की ये बात सुनकर सभी लोग जोर-जोर से हंसने लगते हैं।

### सनी देओल ने पापा धर्मेंद्र की बताई बात

उसके बाद सनी देओल वीडियो में बताते हैं।पापा कहते हैं आओ मेरे साथ बैठो दोस्त बनों। मैं बोलता हूं- पापा मैं आपको दोस्त बनकर बात बताऊंगा तो आप फिर पापा बन जाते हो। इस वीडियो को देखकर ही लग रहा है ये शो काफी मजेदार होने वाला है। जिसमें सुनील ग्रोवर भी बॉबी और सनी के साथ ढेर सारी मस्ती करेंगे। बता दें द ग्रेट इंडियन कपिल शो के आखिरी एपिसोड में आमिर खान आए थे। जिसमें उन्होंने अपनी फैमिली, पर्सनल लाइफ और काम को लेकर ढेर सारी बातें की। साथ ही उन्होंने फैंस को ऐसी बातें बताईं जो शायद ही पहले किसी को पता होंगी।

# अक्षय के करियर को हॉरर फिल्म से ट्रैक पर लाएंगे प्रियदर्शन!

**मुंबई।** प्रियदर्शन और अक्षय कुमार की सुपरहिट जोड़ी अब 14 साल बाद फिर साथ आने वाली है। प्रियदर्शन ने अक्षय के साथ अपनी नई फिल्म अनाउंस की है और साथ ही यह भी बताया है कि वह किस सब्जेक्ट पर आधारित होगी। प्रियदर्शन ने अक्षय कुमार के साथ 'हेरा फेरी', भागमभाग', 'भूल भुलैया' और 'गरम मसाला' जैसी ब्लॉकबस्टर फिल्में दीं। प्रियदर्शन ने बताया कि वह अभी तक वह अपनी डॉक्यू-सीरीज पर काम कर रहे थे, जो राम मंदिर के इतिहास पर बनी है। उन्होंने कहा, 'अब जब मैंने राम मंदिर के इतिहास पर अपनी डॉक्यू-सीरीज पूरी कर ली है, तो मैं अब अक्षय के साथ अपनी सबसे महत्वपूर्ण फिल्म पर काम शुरू कर रहा हूं।



# गोवा, यूरोप व श्रीलंका समेत इन खूबसूरत जगहों पर हुई है 'कंगुवा' की शूटिंग



**नई दिल्ली।** स्टूडियो ग्रीन और सूर्या शिवकुमार द्वारा मैग्नम ओपस 'कंगुवा' के टीजर रिलीज के बाद से इसने हर जगह काफी उत्साह पैदा कर दिया है। इस शानदार टीजर में वह सब कुछ है, जो इसे हॉलीवुड प्रोडक्शन के लेवल का बनाता है: एक्सपर्टाइज, क्रिएटिव थिंकिंग, कंटेंट की ओरिजेनिलिटी, जबरदस्त बैकग्राउंड स्कोर और एक्जिक्यूशन टीजर ने देश भर में दीवानगी को बढ़ा दिया है। सभी को टीजर बहुत पसंद आ रहा है और दर्शक धमाकेदार एक्शन देखने का इंतजार कर रहे हैं।बॉबी देओल जहां इसमें खलनायक की भूमिका में हैं।वहीं सूर्या वीर योद्धा के किरदार में हैं, जिनके बीच जबरदस्त संग्राम देखने मिलने वाला है।

### एक्शन सीन्स के लिए की 60 दिन की शूटिंग

कंगुवा बेशक इस साल आने वाली सबसे बड़ी फिल्मों में से एक है। मेकर्स ने इसे दर्शकों के लिए ना भूलने वाला अनुभव बनाने के लिए हर तरह की मुमकिन कोशिश की है। फिल्म दो अलग-अलग समय, अतीत और वर्तमान की कहानी कहती है। इसलिए उन्होंने इसे दुनिया भर में रीयल लोकेशस पर फिल्माया है। फिल्म को खास बनाए रखने के लिए मेकर्स ने इसे गोवा, यूरोप और श्रीलंका जैसी खूबसूरत जगहों पर फिल्माया है। उन्होंने वहां 60 दिन शूटिंग की, खास तौर पर एक्शन सीन्स के लिए।350 करोड़ के बजट वाली इस फिल्म के कुछ अहम हिस्से चेन्नई के पास और यहां तक कि पांडिचेरी में भी फिल्माए गए हैं. हाल ही में मेकर्स केरल और कोडईकनाल के जंगलों में सूर्या के साथ एक महत्वपूर्ण सीन को फिल्माया। पिछले अक्टूबर में, मेकर्स ने पूरी टीम के साथ बैंकॉक में तीन हफ्ते के शेड्यूल में शूटिंग की थी।

## 'मंगल लक्ष्मी' और 'कुंडली भाग्य' सीरियल 8वें और 9वें नंबर पर

# 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' पहुंचा आखिरी पायदान पर

*मुंबई। टीवी टीआरपी की लिस्ट दर्शकों की पसंद और नापसंद पर निर्भर करती है। इन दिनों 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' के सितारे गर्दिश में हैं। ये सीरियल लुढ़ककर सबसे नीचे पहुंच गया है। 'उड़ने की आशा' ने टॉप 5 में अपनी जगह बना ली है। जैसे फिल्मों के लिए बॉक्स ऑफिस की रिपोर्ट तय करती है कि फिल्म हिट हुई या फ्लॉप, उसी तरह ब्रॉडकास्टिंग ऑडियंस रिसर्च काउंकिल की तरफ से टीवी सीरियल्स के लिए हर हफ्ते एक रिपोर्ट जारी होती है, ये बताती है कि कौन-सा सीरियल राज कर रहा है और किसे दर्शकों ने सिरे से नकार दिया है यानी नापसंद कर दिया है। 16वें हफ्ते की टीआरपी रिपोर्ट आ चुकी है और ये 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' के फैंस के लिए बुरी खबर लेकर आई है। लेटेस्ट टीआरपी रिपोर्ट के मुताबिक, 'उड़ने की आशा' सीरियल ने टॉप 5 में अपनी एंट्री कर ली है। दूसरी तरफ रुपाली गांगुली का शो 'अनुपमा' हर बार की तरह इस बार भी टॉप पर अपनी जगह बनाए हुए है।*

### अनुपमा ने इस हफ्ते मारी बाजी



अनुपमा सीरियल 2.4 रेटिंग के साथ टीआरपी लिस्ट में टॉप पर है। दर्शकों को शो का नया ट्रैक पसंद आ रहा है। वहीं, हिबा और कुशाल अहूजा के 'झनक' ने दूसरे नंबर पर अपना कब्जा जमा लिया है। इस शो को 2.2 रेटिंग मिली है।'ये रिश्ता क्या कहलाता है' सीरियल ने इस बार सरप्राइज दिया है। 1.9 की रेटिंग के साथ समृद्धि शुक्ला औ रोहित पुरोहित के शो को तीसरा स्थान मिला है।

### 'गुम है किसी के प्यार में' एक नंबर लुढ़का

शक्ति अरोड़ा स्टारर 'गुम है किसीके प्यार में' सीरियल टॉप 3 से लुढ़ककर अब चौथे नंबर पर खिसक गया है। इसकी रेटिंग 1.9 है। कंवर ढिल्लन और नेहा




हरसोना के 'उड़ने की आशा' ने भी उड़ान भरी है। इसने 1.5 की रेटिंग के साथ टॉप 5 में जगह बना ली है।

### 'तारक मेहता...' को लगा झटका

कलर्स टीवी के माइथोलॉजिकल सीरियल 'शिवशक्ति' को नंबर 6 और साईं निकेतन-अद्रिजा रॉय स्टारर 'इमली' को सातवां स्थान हासिल हुआ है। 'मंगल लक्ष्मी' और 'कुंडली भाग्य' सीरियल 8वें और 9वें नंबर पर है। दिलीप जोशी के 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' को झटका लगा है। ये लुढ़ककर 10वें नंबर पर पहुंच गया है।



# सिनेमाघरों के बाद ओटीटी पर लापता लेडीज का धमाका



*नई दिल्ली। किरण राव द्वारा निर्देशित जियो स्टूडियोज और आमिर खान प्रोडक्शंस की लापता लेडीज ने अपनी थियेटर रिलीज के साथ ही लोगों का दिल जीत लिया है। दर्शकों और आलोचकों ने फिल्म की अच्छी तरह से संरचित कहानी, मनोरंजन, सामाजिक संदेश, मुख्य कलाकारों के अभिनय और निर्देशन की खूब प्रशंसा की और यह साल की सबसे पसंदीदा और सकारात्मक समीक्षा वाली फिल्मों में से एक बन गई। अपने बेहतरीन थियेटर रन के बाद इस बहुचर्चित फिल्म को डिजिटल रिलीज पर जबरदस्त प्रतिक्रिया मिली।*

*दर्शकों ने पूरे सोशल मीडिया पर फिल्म के लिए प्यार की बाढ़ ला दी और वे इसकी खूब प्रशंसा कर रहे हैं। हर तरफ से मिली जबरदस्त प्रतिक्रिया ने फिल्म को सोशल मीडिया पर 'टॉप 10' ट्रेंडिंग इंडियन मूवीज की सूची में नंबर 1 स्थान दिलाने में मदद की। डिजिटल रिलीज के बावजूद, फिल्म अभी भी कई सिनेमाघरों में चल रही है और शानदार गति बनाए हुए है।*

*दर्शकों की ओर से आने वाली हर प्रतिक्रिया से यह साफ पता चलता है कि किरण राव और उनकी बेहतरीन कहानी और निर्देशन ने सभी के दिमाग पर क्या असर छोड़ा है। आमिर खान प्रोडक्शंस की इस फिल्म ने दर्शकों को अपनी असीमित हंसी से बांधे रखा है। फिल्म में कॉमेडी और मनोरंजन का तड़का तो है ही, साथ ही यह देश की महिलाओं से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों पर भी प्रकाश डालती है।*

*, 'लापता लेडीज' किरण राव द्वारा निर्देशित और आमिर खान और ज्योति देशपांडे द्वारा निर्मित है। आमिर खान प्रोडक्शंस और किंडलिंग प्रोडक्शंस के बैनर तले बनी यह फिल्म बिप्लब गोस्वामी की एक पुरस्कार विजेता कहानी पर आधारित है और इसकी पटकथा अभी भी सिनेमाघरों में चल रही है। कहानी और संवाद स्नेहा देसाई द्वारा लिखे गए हैं, जबकि अन्य डायलॉग दिव्यनिधि शर्मा द्वारा लिखे गए हैं।*

खबर संक्षेप

## खरसिया व धरमजयगढ़ में डाक मतदान आज

**रायगढ़।** लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत रायगढ़ संसदीय क्षेत्र क्रमांक 02 के लिए जिले में डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान हेतु 2 सुविधा केन्द्र की स्थापना की गई है। जिनमें कलेक्टोरेट परिसर रायगढ़ के सृजन सभाकक्ष एवं पुलिस कंट्रोल रूम रायगढ़ शामिल है। इसके अतिरिक्त रायगढ़ जिले में पदस्थ पुलिस अधिकारी कर्मचारियों के लिए डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान करने हेतु जिले के धरमजयगढ़ एवं खरसिया मुख्यालय में अतिरिक्त सुविधा केन्द्र की स्थापना की गई है। विधानसभा लैलूंगा, रायगढ़, खरसिया एवं धरमजयगढ़ हेतु सभाकक्ष कार्यालय जनपद पंचायत खरसिया एवं तहसील कार्यालय धरमजयगढ़ में डाकमत पत्र हेतु सुविधा केन्द्र बनाए गए है। 01 मई को प्रातः 10 बजे से सायं 5 बजे तक अधिकारी कर्मचारी उक्त सुविधा केन्द्र में जाकर अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकते है। मतदान केंद्र पर ड्यूटी हेतु नियुक्त मतदान दल के सदस्य, सेक्टर ऑफिसर और माइक्रो ऑब्जवर्स को निर्वाचन कर्तव्य प्रमाण पत्र जारी किए गए हैं, निर्वाचन ड्यूटी पर संलग्न अन्य सभी अधिकारी कर्मचारियों को डाक मतपत्र जारी किए गए हैं। कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल ने निर्वाचन ड्यूटी में संलग्न सभी अधिकारी कर्मचारियों से यथास्थिति डाक मतपत्र या निर्वाचन कर्तव्य प्रमाण पत्र के माध्यम से अपने मताधिकार का उपयोग करने की अपील की है।

## वोट के लिए निमंत्रण भी दें बीएलओ : एसडीएम

**सारंगढ़।** सहायक रिटर्निंग अधिकारी वासु जैन ने जनपद पंचायत बरमकेला के सभाकक्ष में बीएलओ के साथ बैठक की। बैठक में एआरओ वासु जैन ने सभी बीएलओ को कहा कि मतदाता पर्ची के साथ 7 मई को वोट के लिए निमंत्रण जरूर दें। वे अपने घर परिवार, पलायन किए रिश्तेदार मतदाताओं को बुलाकर, आस पड़ोस सभी सामूहिक रूप से मतदान करें। बैठक में तहसीलदार शनि पैकरा और कोमल साहू उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि आगामी मतदान दिवस 7 मई को होने वाले लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी धर्मेश कुमार साहू कोई कसर नहीं छोड़ना चाहते हैं। कभी सोशल मीडिया के माध्यम से तो कभी स्वीप के तहत विभिन्न कार्यक्रम कर युवाओं से अपील की जा रही है, तो कभी नव वधू वोटरों को सम्मानित कर किया जा रहा है। इसी कड़ी में अब जिला निर्वाचन अधिकारी सारंगढ़ बिलाईगढ़ द्वारा शादी के निमंत्रण पत्र की तरह एक विशेष कार्ड तैयार कराया है, जिससे मतदाताओं से वोट डालने का अनुरोध किया जाएगा। निमंत्रण पत्र में सबसे ऊपर कार्यालय कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सारंगढ़ बिलाईगढ़ छत्तीसगढ़, लोकसभा चुनाव 2024 निमंत्रण लिखा है। संबोधन करते हुए लिखा गया है कि प्रिय निवासियोंए एक मजबूत लोकतंत्र के लिए आपका एक एक वोट बहुत कीमती है। हम सभी को साथ आने का निमंत्रण देते हैं।

## लू से बचाव के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त

**रायगढ़।** जिले में माह अप्रैल से जून 2024 के दौरान भीषण गर्मी लू तापघात से उत्पन्न स्थिति से निपटने तथा जनसमुदाय को लू तापघात से बचाव एवं तैयारी व प्रबंधन कार्य हेतु नगरीय तथा ग्रामीण स्तर पर नोडल अधिकारी सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। नगरीय क्षेत्र हेतु ननि सुनील कुमार चंद्रवंशी, आयुक्त नगर पालिक निगम रायगढ़ मोबा नं. 7587202092 को नोडल अधिकारी बनाया गया है। इसी तरह किरोड़ीमल नगर पंचायत में रामायण पाण्डेय, सीएमओ मोबा नं. 83198.46173, पुसौर नगर पंचायत में क्षितीज कुमार सिंह, सीएमओ पुसौर मोबा नं. 9926633609, खरसिया नपा में विक्रम भगत, सीएमओ खरसिया मोबा नं. 94792.74016, घरघोड़ा नपं में निलेश केरकेट्टा, सीएमओ घरघोड़ा मोबा नं. 79870.79663, लैलूंगा नपं में श्रीमती ममता चौधरी, सीएमओ अधिकारी, लैलूंगा मोबा नं. 7999482917 तथा धरमजयगढ़ नगर पंचायत नपं में प्रभाकर शुक्ला, सीएमओ मोबा नं. 99265.60347 को नोडल अधिकारी बनाया गया है।

### जिले के सभी स्कूलों में शिक्षकों के साथ पालकों का संवाद

# छात्रों में तनाव प्रबंधन हेतु पालक शिक्षक सम्मेलन का वृहद आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

छत्तीसगढ़ शासन एवं जिला प्रशासन के निर्देशानुसार विद्यार्थियों में तनाव प्रबंधन विषय पर पालक शिक्षक सम्मेलन 30 अप्रैल को शासकीय रविशंकर प्राथमिक शाला, माध्यमिक शाला व हाईस्कूल चांदमारी रायगढ़ द्वारा संयुक्त रूप से शासकीय हाई स्कूल चांदमारी में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य परीक्षा परिणाम के बाद बच्चो में होने वाला तनाव एवं उसका प्रबंधन था ताकि बच्चे कोई आत्मघाती कदम न उठा पाएं और जीवन की चुनौतियों का सामना करने में सक्षम बनें। सम्मेलन में जिला शिक्षा अधिकारी बी बाखला जिला मिशन समन्वयक नरेन्द्र चौधरी, एपीसी भूपेन्द्र पटेल व आलोक स्वर्णकार की उपस्थिति रही।

जिला शिक्षा अधिकारी बाखला सर ने अनेक उदाहरणों के द्वारा प्रेरक उद्बोधन देकर बताया कि बचपन में कमजोर छात्र भी युवावस्था में प्रेरणा पाकर अत्यधिक सफलता प्राप्त कर रहे हैं। जिला मिशन समन्वयक श्री चौधरी ने तनाव से मुक्ति के उपाय बताए। संस्था प्रमुख श्रीमती दीप्ति अग्रवाल ने इस समस्या से कैसे निपटें विषय पर प्रकाश डाला। पालकों की ओर से श्याम लाल सारथी जी द्वारा सार्थक चर्चा कर उत्साहवर्धन किया। डॉ. मनीषा त्रिपाठी प्रधान पाठक, शासकीय रविशंकर प्राथमिक शाला रायगढ़ ने अत्यंत सारगर्भित मंच संचालन करते हुए बच्चों में तनाव के कारण आत्मघाती कदम न उठाने तथा अपना विश्वास बनाए रखने हेतु प्रेरित किया। श्रीमती प्रेमलता चंदेल प्रधान पाठक, शासकीय माध्यमिक शाला चांदमारी ने तनावग्रस्त बच्चों के लक्षण व उनकी पहचान के बारे में बताया। उपस्थित सभी पालकों एवं शिक्षकों ने मतदान करने हेतुशपथ ली। कार्यक्रम के अंत में व्याख्याता श्रीमती अर्चना स्वर्णकार द्वारा आभार प्रदर्शन गया।


चांदमारी शासकीय विद्यालय में आयोजित शिक्षक पालक सम्मेलन में मौजूद शिक्षक व अभिभावक।

### मतदान संकल्प के साथ शिक्षक पालक सम्मेलन

**रायगढ़।** ओपी जिंदल विद्यालय तराईमाल में 30 अप्रैल को एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत ईष्वर वंदना करके किया गया। उसके पश्चात विद्यालय की प्राचार्या महोदया श्रीमती अलका गोडबोले ने अपने उद्बोधन में बताया कि विद्यार्थियों को ज्यादा तनावपूर्ण वातावरण में न रखें। अपना लक्ष्य हासिल करने के लिए उन्हें स्वतंत्र रखें। विद्यालय में विभिन्न शिक्षकों एवं अभिभावकों द्वारा विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की गई। चर्चा का मुख्य उद्देश्य कक्षा 10वीं, 12वीं के आगामी दिनों में जारी होने वाले परीक्षा परिणाम से हताश होकर जो बच्चे गलत कदम उठाते है उन बच्चों को पहचानना एवं इस संबंध में क्या करना है ,के संबंध में पालकों को जागरूक करना। कार्यक्रम के अंत में आगामी 7 मई को सभी पालको को शत-प्रतिशत मतदान करने हेतु शपथ दिलाया गया। शिक्षिका द्वारा कविता के माध्यम से पालकों को जागरूक किया गया। तथा पालको ने निर्णय लिया किया अपने अमूल्य वोट (मतदान) का उचित प्रयोग करेगें। तथा देश के उत्थान में अपनी सहभागिता दर्ज करेंगे। कार्यक्रम के अंत में धन्यवाद ज्ञापन द्वारा कार्यक्रम की समाप्ति की गई।



### कोतरा में पालक शिक्षक संगोष्ठी का आयोजन

**रायगढ़।** कोतरा में 30 अप्रैल को स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम स्कूल में जिला प्रशासन के आदेश अनुसार एवं जिला शिक्षा अधिकारी बी बाखला के मार्गदर्शन में शिक्षक पालक सम्मेलन का आयोजन कराया गया। जिसमें 58 पालक और 315 बच्चे एवं 30 शिक्षक उपस्थित हुए। कार्यक्रम संयोजक व्याख्याता बीर सिंह ने कहा आने वाले समय में विभिन्न बोर्ड परीक्षाओं के परीक्षा परिणाम घोषित किए जाएंगे। परीक्षा परिणाम घोषित होने के पूर्व तनाव एक स्वाभाविक प्रक्रिया है, किंतु कई बार बच्चे उस तनाव के चलते अवसाद ग्रस्त हो जाते हैं। यह समय बच्चों एवं पालकों के लिए बहुत ही संवेदनशील होता है। हमें अपने बच्चों के साथ फ्रेंडली व्यवहार रखना चाहिए। ताकि किसी भी समस्या को आप सभी के साथ साझा कर सकें। परीक्षा परिणाम आपके जीवन के परिणाम नहीं है, हमारा इतिहास गवाह है जो विद्यार्थी, पढ़ने में बहुत कमजोर थे लेकिन अपनी लगन और मेहनत से वैज्ञानिक बन गए। जिन्हें शिक्षकों ने मंदबुद्धि घोषित कर दिया उन्होंने बल्ब का आविष्कार कर दिया थॉमस अल्वा एडिसन। जिंदगी को एक क्रिकेट मैच की तरह लेना चाहिए है। अंत तक विजय की संभावना बनी रहती है।



## आस्था और कौतूहल का केंद्र बना छाल का भुंडीबहरी गांव

हरिभूमि न्यूज ⏭ छाल

जिले के छाल क्षेत्र अंतर्गत आने वाला भुंडीबहरी नामक गांव इन दिनों लोगों की आस्था और कौतूहल का केंद्र बना हुआ है। दर असल यहां पर एक नदी के बीचों बीच स्थित मंदिर के पास सैकड़ो की संख्या में नाग प्रजाति के सांप निकल रहे हैं। हर रोज एक तय समय पर बड़ी संख्या में सांप मंदिर किनारे पहुंचते हैं। इस इलाके में स्थित प्राचीन मंदिर किनारे बड़ी तादाद में नाग सांपों का दिखाई देना स्थानीय लोगों के लिए आस्था और कौतूहल का विषय बना हुआ है।

सोमवार को जिले के कई मीडिया समूह की टीम ने इस मामले की पड़ताल के लिए उस इलाके में पहुंचे। टीम ने पाया कि वाकई में उस जगह पर भारी संख्या में सांप हैं। जिले के छाल क्षेत्र के पोड़ीछाल गांव में मांड नदी बीच पाखादरहा देवी मंदिर है जो नदी के बीचोबीच स्थित है। स्थानीय लोगों की मान्यता है कि जब से मंदिर का निर्माण हुआ है तब से नदी में कितनो बाढ़ आए पर मंदिर डूबता नहीं है और इसी मंदिर के अगल बगल चटटान के एक खोह में सैकड़ो सांप निकल रहे हैं। इस मामले को लेकर मंदिर के पुजारी व प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि साँपो का विकास होने के बजाय ये सांप छोटे होते जा रहे हैं। नवरात्र के तीसरे दिन से साँपो का यह झुंड इस जगह पर देखने को मिल रहा है। वैसे तो बरसात के समय झुंड के झुंड में सांप उपर से गिरते हैं जिसे स्थानीय भाषा में बभनी सांप कहते हैं। और मछली या भी गिरती है जिसे स्थानीय भाषा में कोकसी मछली या दुल्लू मछली कहते हैं। हालांकि कुछ जानकारों का मानना है कि अनुकूल वातावरण और अन्य कारणों से सांप बड़ी संख्या में एक जगह पर रहते हैं। पहले भी ऐसे कई मामले सामने आए हैं जिनमें एक ही स्थान पर भारी तादाद में नाग पाए गए हैं। उधरए मंदिर के पास नागों के निकलने की घटना स्थानीय लोगों के आस्था से जुड़ने लगी है। कई मर्तबा यह भी देखने को मिला है जब प्रकृति के रहस्यों को सुलझाने में विज्ञान असफल रहा है।


▪ मंदिर के पास भारी संख्या में निकल रहे छोटे छोटे नागराज

### घट रहा सांपों का आकार!

इस पूरे मामले को लेकर मंदिर के पुजारी ने जो कहा वह अविश्वसनीय है। नारायण सिंह राठिया निवासी दर्रीडीह 19 साल से इस मंदिर में पूजा कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि इन सांपो का आकार बढ़ने की बजाय लगातार घट रहा है। हालांकि यह शोध का विषय है।

## मतदान दलों के प्रशिक्षण का अवलोकन, निर्वाचन प्रक्रियाओं का विशेष ध्यान रखने के निर्देश

**रायगढ़।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कार्तिकेया गोयल ने आज पालीटेक्निक कालेज में चल रहे जिला स्तरीय मतदान दलों के तृतीय प्रशिक्षण का निरीक्षण किया। यहां लैलूंगा विधानसभा क्षेत्र के पीठासीन अधिकारी मतदान अधिकारी क्रमांक 1, 2, 3 को जिला स्तरीय एवं विधानसभा स्तरीय मास्टर ट्रेनर द्वारा मतदान प्रक्रिया का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इस अवसर पर अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी राजीव कुमार पाण्डेय, डिप्टी कलेक्टर एवं सहायक नोडल अधिकारी प्रशिक्षण शशिकांत कुर्रे तथा तहसीलदार तमनार श्रीमती रिचा सिंह उपस्थित रहे।

कलेक्टर श्री गोयल ने कक्षवार प्रशिक्षणार्थियों से प्रशिक्षण के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि निर्वाचन प्रक्रिया में सीआरसी महत्वपूर्ण होती है, मॉकपोल पश्चात सीआरसी करना न भूले। इस दौरान उन्होंने मशीनों के रख रखाव एवं बचाव के संबंध में विशेष दिशा निर्देश दिए। उन्होंने मतदान केन्द्र के संबंध में बताया कि कुल 543 मतदान केन्द्रों में सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे। इसके साथ ही आपकी सुविधा के लिए गर्मी के लिहाज से कूलर एवं पेयजल की व्यवस्था की जा रही है, ताकि आपको किसी प्रकार की परेशानी न हो। उन्होंने मतदान दिवस पर की जाने वाली प्रक्रियाओं की जानकारी देते हुए कहा कि सभी दल समय का विशेष ध्यान रखें ताकि नियत समय पर वास्तविक मतदान की प्रक्रिया प्रारंभ की जा सके।



### व्यक्तित्व निर्माण शिविर 3 मई तक

**पुसौर।** तहसील मुख्यालय पुसौर में पांच दिवसीय व्यक्तित्व निर्माण युवा शिविर का आयोजन 29 अप्रैल से 3 मई तक होने जा रहा है। जानकारी के मुताबिक यह आयोजन नगर पंचायत कार्यालय पुसौर के समीप स्थित मंगलभवन में होगा जो आवासीय होने से प्रशिक्षुओं की आवास व्यवस्था अभिनव विद्यामंदिर में रखा गया है। यह आयोजन अखिल विश्व गायत्री परिवार द्वारा देश भर में चलाए जा रहे हैं ताकि लोगों के व्यक्तित्व की विकास हो सके और वह राष्ट्रीहित में काम आ सके। इसके उदघाटन के अवसर पर आयोजक मण्डल से जुडे किसलय किशोर श्रीवास्तव ने सभी लोगों को शामिल होने के लिए अपेक्षा जाहिर की।

## रेत का अवैध उत्खनन एवं परिवहन सात वाहनों को किया गया जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

रेत के अवैध परिवहन उत्खनन एवं भंडारण पर कार्रवाई करते हुए 7 वाहनों को जब्त किया गया है। उक्त कार्रवाई खान एवं खनिज अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई है।

खास बात
▪ खान एवं खनिज अधिनियम के तहत की गई कार्रवाई

ज्ञात हो कि कलेक्टर आकाश छिकारा के निर्देशन में जिला स्तरीय उड़नदस्ता दल खनिज विभाग जांजगीर चांपा के द्वारा जिले के बलौदा, जांजगीर,चांपा क्षेत्र में खनिजो के अवैध उत्खनन, परिवहन तथा भण्डारण करने वाले वाहनो, स्थानो का औचक जॉच किया गया। खनिज अधिकारी हेमंत चेरपा ने बताया कि खनिज उड़नदस्ता दल द्वारा जिले में अवैध परिवहन करने वाले खनिज रेत के 6 प्रकरण, निम्न श्रेणी चूना पत्थर के 1 प्रकरण दर्ज किया गया। इस प्रकार जिले में खनिजो के अवैध परिवहन करने वाले कुल 7 वाहनो को जप्त कर प्रकरण दर्ज किया जाकर खनिज नियमो के अंतर्गत कार्यवाही की जाएगी। उक्त कार्यवाही में खनिज विभाग के उड़नदस्ता दल प्रभारी पी डी जाड़े एवम टीम का सराहनीय योगदान रहा। इसके पूर्व उड़नदस्ता की टीम द्वारा बलौदा क्षेत्र में एक प्रकरण निम्न श्रेणी चूना पत्थर, एक प्रकरण खनिज कोयला के 1 प्रकरण सहित तीन वाहन एवं चैन माउंटेन मशीन को जब्त करने की कार्रवाई की गई है। उक्त कार्रवाई खान एवं खनिज अधिनियम के तहत की जा रही है।


अवैध परिवहन में लगे जब्त वाहन।

### कंप्यूटर हार्डवेयर और नेटवर्किंग का निशुल्क प्रशिक्षण कल से

**सारंगढ़।** रायगढ़ एवं सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिले के ग्रामीणों के लिए 2 मई से शुरू होने वाले कंप्यूटर हार्डवेयर और नेटवर्किंग के निशुल्क प्रशिक्षण के लिए पंजीयन वाट्सअप नंबर 7974942078 में किया जा सकता है। भारतीय स्टेट बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान, रायगढ़ में कंप्यूटर हार्डवेयर और नेटवर्किंग का 45 दिवसीय प्रशिक्षण 2 मई से प्रारंभ किया जाएगा। प्रशिक्षण के लिए पंजीयन प्रारंभ हो चुका हैं।

इस प्रशिक्षण के लिये रायगढ़ एवं सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिले के ग्रामीण क्षेत्र में निवासरत गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाले परिवार के शिक्षित बेरोजगार युवक, युवती एवं महिला, पुरुष को प्रशिक्षण दिया जाना हैं। प्रशिक्षण में भाग लेने के लिये उम्र 18 वर्ष से 45 वर्ष एवं कम से कम 08 वीं पास और 12वी पास होना अनिवार्य हैं।

## मशाल रैली निकालकर लिया शत प्रतिशत मतदान का दिया संदेश

**सारंगढ़।** आगामी 7 मई को योग्य उम्मीदवार को मतदान देकर लोकतंत्र को मजबूत बनाने में आम नागरिकों द्वारा सहयोग देने तथा शत प्रतिशत मतदान के लिए प्रोत्साहित करने हेतु जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर धर्मेश कुमार साहू ने सोमवार की संध्या को स्वीप मशाल रैली का शुभारंभ किया। यह रैली सारंगढ़ के मुख्य मार्ग में कलेक्टोरेट से जवाहिर भवन तक लगभग एक किलोमीटर तक आजू बाजू लोगों के भीड़ के मध्य में मतदाता जागरूकता करते हुए सारंगढ़ बिलाईगढ़, सब्बो जाबो वोट देहे बर का नारा लगाते हुए निकली। इस कार्यक्रम में एआरओ डॉ स्निग्धा तिवारी, स्वीप नोडल हरिशंकर चौहान, खाद्य अधिकारी चित्रकांत ध्रुव, मार्कफेड अधिकारी मनोज यादव, सीएमओ राजेश पांडेय, सीईओ सारंगढ़ संजू पटेल, सीईओ बरमकेला प्रज्ञा यादव, सीईओ बिलाईगढ़ प्रतीक प्रधान, बिहान के अधिकारी संदीप तंबोली, मनरेगा अधिकारी युवराज पटेल समेत बड़ी संख्या में अधिकारी कर्मचारी, बिहान समूह की महिलाएँ, पत्रकार भरत अग्रवाल एवं बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक शामिल हुए। स्वीप मशाल रैली में परदेश नहीं जाव वोट देबर आव जी का भी नारा लगाते हुए शत प्रतिशत मतदान का संदेश दिया गया। इस अवसर पर सामूहिक रूप से मतदान करने के लिए संकल्प लिया गया।




## जाने अपना बूथ अभियान कल, अपरान्ह 4 से 3 घंटे तक विविध कार्यक्रम

**रायगढ़।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए रायगढ़ जिले में 07 मई को मतदान होना है। मतदाताओं को वोटिंग के लिए प्रेरित करने स्वीप कार्यक्रम अंतर्गत मतदाता जागरूकता के कई कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। इसी क्रम में कम मतदान वाले 175 केंद्रों में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए जाने अपना बूथ कार्यक्रम 02 मई को आयोजित होने जा रहा है।

कलेक्टर कार्तिकेया गोयल ने कहा कि बीएलओ के माध्यम से मतदाता पर्ची का वितरण हो रहा है। बीएलओ लोगों को मतदान की तिथि 07 मई और मतदान के समय सुबह 07 से शाम 06 बजे के बारे में जानकारी दे रहे हैं।

इसके साथ ही मतदाताओं को उनके मतदान केंद्र के बारे में भी जानकारी होनी चाहिए। इसी के उद्देश्य से श्जानें अपना बूथ कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा हैं। ग्रामीण इलाकों में सीईओ जिला पंचायत जितेन्द्र यादव और रायगढ़ शहरी क्षेत्र में कार्यक्रम की जिम्मेदारी नगर निगम आयुक्त सुनील चंद्रवंशी को दी गई है। कलेक्टर कार्तिकेया गोयल ने इस संबंध में बैठक लेकर अधिकारियों को निर्देशित किया।

हरिभूमि

पाठकों के लिए माह अप्रैल 2024 का बिल निम्नानुसार है

| विवरण | दर | राशि |
|---|---|---|
| 10 दिन | 4.00 | 40.00 |
| 20 दिन | 5.00 | 100.00 |
| 30 दिन, | कुल योग= | 140.00 |

कृपया पाठकगण माह अप्रैल 2024 के बिल का भुगतान उपरोक्तानुसार अपने एजेण्ट बंधु को 5 मई 2024 तक जमा करें।

प्रसार प्रबंधक
हरिभूमि
गौरव पथ रिंग रोड नं. 2
बिलासपुर

## जिला न्यायाधीश का सारंगढ़ उप जेल में निरीक्षण

**सारंगढ़।** जिला न्यायाधीश और अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अरविन्द कुमार सिन्हा ने कुमारी राधिका सैनी, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश सारंगढ़ बिलाईगढ़, श्रीमती पारूल श्रीवास्तव, मुख्य न्यायिक मजिस्टेट सारंगढ़ बिलाईगढ़, अंकिता मुदलियार सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रायगढ़ के साथ उप जेल सारंगढ़ का भ्रमण किया। माननीय जिला न्यायाधीश द्वारा बंदियो से मिलकर उनके मामलों के संबंध में पूछताछ की गई तथा विधिक साक्षरता शिविर में विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम 1987 एवं नालसा द्वारा समय समय पर पात्र बंदियों की रिहाई हेतु चलाए जा रहे अभियान के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। शिविर के दौरान जिन बंदियों के मामले में अधिवक्ता नही है उनकी ओर से पैनल अधिवक्ता मामले में पैरवी करेंगे तथा जमानत आदि की कार्रवाई करेंगे। छोटे अपराधों में निरूद्ध ऐसे बंदी जो लम्बे समय से जेल में है, उन्हे जेल लोक अदालत में अपराध स्वीकारोक्ति के आधार पर रिहा हो सकने की जानकारी दी गई। इस शिविर में कुमारी राधिका सैनी, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश सारंगढ़ बिलाईगढ़, श्रीमती पारूल श्रीवास्तव, मुख्य न्यायिक मजिस्टेट सारंगढ़ बिलाईगढ़, श्रीमती अंकिता मुदलियार सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रायगढ़ तथा उप जेल के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।



### रामविवाह पर निभाई गई हल्दी की रस्म

**पुसौर।** नगर पंचायत पुसौर के जगन्नाथ मंदिर परिसर में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी 28 अप्रैल से रामलीला का मंचन आरंभ हो गया। पहले प्रसंग में भगवान राम लक्ष्मण को यज्ञ की सुरक्षा के लिए महर्षि विश्वामित्र राजा दशरथ से मांग कर लाते है जो ताडका सुबाहु आदि राक्षसों का वध करते हैं इस बीच एक प्रसंग गंगा नदी के पार जाने नाविक और भगवान राम का आता है जो मार्मिक रहा। रामलीला में राम जानकी विवाह के मंचन के दौरान महिलाओं के द्वारा हल्दी की रश्म निभाई गई और भोज कराया गया।

